# यूपी में एस्सार समूह करेगा निवेश

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** एस्सार समूह उत्तर प्रदेश में 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसके लिए दावोस में गुरुवार को करार हुआ। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में इंवेस्ट यूपी के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल दिन दिनों दावोस गया हुआ है।

इस साझेदारी से ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती, सप्लाई चेन की दक्षता बढ़ेगी और बड़े स्तर पर औद्योगिक विस्तार से रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी। डिजिटल अर्थव्यवस्था को और मजबूती देते हुए एस्सार टेक्नोलॉजी ने इन्वेस्ट यूपी के साथ ₹200 करोड़ के करार पर हस्ताक्षर किए, इसके तहत राज्य में एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित किया जाएगा। यह जीसीसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उन्नत आईटी सेवाएं, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन समाधान और नवाचार-आधारित क्षमता निर्माण में सहयोग करेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण पहल के तहत एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ नवीकरणीय ऊर्जा व ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के विकास के लिए गैर-वित्तीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिससे भारत के ऊर्जा संक्रमण और सतत विकास एजेंडे के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया। प्रमुख बैठकों में इलेवनलैब्स, एस्सार कैपिटल एडवाइजरी इंडिया, वेरडैगी, एचसीएल टेक, आरएमजेड इंफ्रास्ट्रक्चर, मार्श मैकलेनन, एजिलेंट, ब्लैकरॉक, इनविजिबल टेक्नोलॉजीज, इंडियन ऑयल, गावी–द वैक्सीन अलायंस, गूगल, बीसीजी (बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप), टॉपसो और मार्लन स्पेस सहित अन्य संगठनों के साथ वार्ता हुई।